नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**UP-01-हिन्दी**

प्रश्न–पत्र क्रमांक / Question Paper No. 14-31-231

# प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा, 2020

# PRARAMBHIK SHIKSHA PURNATA PRAMAN-PATRA PARIKSHA, 2020

## कक्षा–8
## हिन्दी
## CLASS-8
## HINDI

No. of Questions/ कुल प्रश्नों की संख्या: 25 — Time/समय: 2.30 घण्टे

No. of Printed Pages/कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 08 — Maximum Marks/पूर्णांक: 80

*परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–*

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

(5) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें।

निर्देश : सही उत्तर का चयन कीजिए :–

1. अपराजिता कहानी में किसका निचला धड़ निष्प्राण, मांसपिंड मात्र था? (1)

(क) चन्द्रा

(ख) इन्द्रा

(ग) सुब्रह्मण्यम्

(घ) शिवानी

2. "गाय बचेगी तो मनुष्य बचेगा, वह नष्ट हुई तो उसके साथ हम सभी यानी प्रकृति, पशु–पक्षी, पर्यावरण, हमारी सभ्यता भी नष्ट हो जाएगी।" कथन किसका है? (1)

(क) महाराजा दिलीप

(ख) गाँधीजी

(ग) सम्राट अशोक

(घ) अकबर

3. कवि गिरधर के अनुसार मनुष्य को सपने में भी किस वस्तु का अभिमान नहीं करना चाहिए? (1)

(क) घर का

(ख) शरीर का

(ग) वस्तुओं का

(घ) दौलत का

4. "द्रौपदी की लाज राखी, तुरत बढ़ायो चीर।" उक्त पंक्ति में द्रौपदी की लाज किसने रखी? (1)

(क) राम ने

(ख) कृष्ण ने

(ग) शिव ने

(घ) मीरा बाई ने

5. "वह नीले घोड़े का सवार, वह हल्दीघाटी का जुझार।" किसके लिए कहा गया है? **(1)**

(क) महाराणा प्रताप

(ख) महाराणा उदयसिंह

(ग) पृथ्वीराज

(घ) विक्रमादित्य

6. भारत वर्ष में गाय के महत्व को दर्शाता है – **(1)**

(क) गाय को सिर्फ पशु समझा जाता है।

(ख) गाय को पवित्र और पूज्य मान अत्यंत आस्था का भाव रखना।

(ग) गाय को एक धन मानना।

(घ) गाय चौपाया प्राणी है उसे माँ के बराबर नहीं माना गया।

7. "मोहन पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है।" पंक्ति में विशेषण शब्द कौनसा है? **(1)**

(क) मोहन

(ख) पाँचवीं

(ग) कक्षा

(घ) पढ़ता

8. 'यश' शब्द का विलोम शब्द क्या है? **(1)**

(क) सुयश

(ख) विवश

(ग) अपयश

(घ) श्रीयश

निर्देश : अति लघूत्तरात्मक प्रश्न :–

**9.** कोसीथल ठाकुर की माँ ने राणा जी का संदेश पढ़कर क्या कहा? **(2)**

**10.** महाराजा को बिजली से आम शिकायत क्या है? **(2)**

**11.** "शक्ति और क्षमा" कविता के आधार पर बताइए कि शक्तिशाली को क्षमा शोभा देती है। क्यों? **(2)**

**12.** "मोहनि मूरति, साँवरि सूरति, नैना बने बिसाल" पंक्ति का अर्थ लिखिए। **(2)**

**13.** दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए –. **(2)**

(1) पृथ्वी

(2) आकाश

**14.** "आवट" और "आई" प्रत्यय लगाकर दो–दो शब्द बनाइए। **(2)**

निर्देश : लघूत्तरात्मक प्रश्न :–

**15.** ऐसे कौन से कारण हैं, जिनसे सड़क दुर्घटनाएँ हो जाती हैं? किन्हीं चार कारणों के बारे में समझाइए। **(4)**

**16.** निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए – **(4)**

(क) अपना उल्लू सीधा करना

(ख) ईद का चाँद होना

**17.** चने में इल्ली लग जाने की खबर अखबारों में छपने पर सरकारी महकमों पर क्या असर हुआ? **(4)**

**18.** 'हमारी भी सुनो' पाठ के आधार पर बिजली बचाने के कौन–कौन से तरीके आप अपनाएंगे? **(4)**

19. "वह मातृभूमि का रखवाला" पंक्ति के आधार पर महाराणा प्रताप ने किस प्रकार मातृभूमि की रक्षा की? **(4)**

20. कवि गिरधर के अनुसार बिना विचारे काम क्यों नहीं करना चाहिए? **(4)**

21. स्वच्छ रहने से हमारे एवं हमारे समाज पर क्या प्रभाव पड़ेगा? **(4)**

22. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

हठीले हम्मीर की पुण्य धरा रणथंभौर का स्मरण आते ही सभी के मन में इस धरा को देखने की स्वतः इच्छा होती है। अब यह क्षेत्र वन्य क्षेत्र के रूप में विकसित है। अरावली एवं विंध्याचल की सुरम्य पर्वतमाला के मध्य स्थित विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर बाघ अभयारण्य को देखने की परिवार के सदस्यों की तीव्र उत्कण्ठा हुई। सभी ने मिलकर रणथंभौर के भ्रमण का कार्यक्रम तैयार किया। हम सभी 9 अक्टूबर रात्रि 11.00 बजे जयपुर से रेल द्वारा सवाई माधोपुर के लिए रवाना हुए। एकाएक मेरी बेटी ने पूछा, "पिताजी यहाँ से सवाई माधोपुर कितनी दूरी पर है?" मैंने बेटी को बताया कि रेलमार्ग द्वारा जयपुर से सवाई माधोपुर की दूरी लगभग 132 किलोमीटर है। हम रात्रि 2.30 बजे सवाई माधोपुर पहुँचे। वहाँ हमने रेलवे स्टेशन के पास ही एक होटल में कमरा लिया और कुछ समय आराम किया। http://www.rbseonline.com

(क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए। **(2)**

(ख) सभी के मन में किस धरा को देखने की स्वतः इच्छा हुई? **(2)**

(ग) रेलवे स्टेशन पहुँच कर लेखक व उसके परिवार ने क्या किया? **(2)**

(घ) रणथंभौर अभयारण्य किन पर्वतमालाओं के मध्य स्थित है? **(2)**

23. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – **(8)**

लाठी में गुन बहुत है, सदा राखिए संग।
नदियाँ नाला जहाँ पड़ै, तहाँ बचावत अंग।।
तहाँ बचावत अंग, झपट कुत्ते को मारै।
दुश्मन, दामनगीर, ताही का मस्तक फारै।।
कह गिरधर कविराय, सुनो हे धुर के साठी।
सब हथियारन छोड़, हाथ में राखिए लाठी।।

<u>अथवा</u>

क्षमाशील हो रिपु समक्ष
तुम हुए विनत जितना ही।
दुष्ट कौरवों ने तुमको
कायर समझा उतना ही।
क्षमा शोभती उस भुजंग को
जिसके पास गरल हो,
उसको क्या, जो दंतहीन,
विषरहित, विनीत, सरल हो।

24. अपने आपको अनिता मानते हुए अपनी बहन सपना को बोर्ड परीक्षा तैयारी हेतु प्रेरक पत्र लिखिए। **(8)**

<u>अथवा</u>

विद्यालय में छात्र और अध्यापक के बीच बातचीत को अपने शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।

**25.** निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए – **(8)**

(क) मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव

(ख) बालिका शिक्षा

(ग) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन

(घ) भारत में बेरोजगारी की समस्या

-------------------------